# बिहार विधान परिषद

**(विधान परिषद् का 192वां बजट सत्र)**

## 04 जुलाई 2019

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**- 16**

----

### आतंकी क्रिया कलाप पर अंकुश

***72 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अपराधियों पर अंकुश लगाना विभाग का दायित्व है लेकिन पटना सहित लगभग सभी जिलों में चोरी-डकैती, छिनतइ एवं हत्या की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ ही रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि पटना शहर से सटे रामकृष्ण नगर एवं खेमनीचक के नये मुहल्ले अपराधियों के लिए सेफ जोन बन गये हैं, जहां वर्ष 2015 में खेमनीचक में भारी संख्या में बम बरामद किये गये थे तथा आतंकियों से कनेक्शन के भी सबूत मिले थे लेकिन अभी भी मुहल्ले में वरदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं जिससे मुहल्लेवाले आतंकित हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त स्थिति में पुलिस गश्तियों की संख्या बढ़ाकर आतंकियों के क्रिया-कलापों पर अंकुश लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

### वातानुकूलित बस की उपलब्धता

***73 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया अनुमण्डलीय मुख्यालय से पटना जाने हेतु 8 बजे सुबह से 8 बजे रात्रि तक तथा पटना से नवगछिया जाने हेतु सुबह 5 बजे से दिन के 2 बजे तक किसी भी यात्री बस की सुविधा नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सही है कि नवगछिया रेलवे स्टेशन से पटना आने-जाने हेतु उक्त खण्ड में वर्णित समय में सीधी रेल सेवा नहीं रहने से सैकड़ों यात्रियों को रोजाना काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जनहित में नवगछिया से पटना तथा पटना से नवगछिया के लिए वातानुकूलित यात्री बस / वोल्वो बस की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

क्या सरकार बतलाएगी कि खंड 'क' एवं 'ख' में वर्णित तथ्यों की अद्यतन स्थिति क्या है और भविष्य में इसके लिए कौन-सा कदम उठाने पर विचार कर रही है ?

----

## दंडित करने पर विचार

***74 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के व्यवसायिक वाहनों के ओवरलोड की जांच परिवहन विभाग के अधिकारी को करना है, किन्तु राज्य की पुलिस ओवरलोड के नाम पर व्यवसायिक वाहनों से अवैध वसूली कर रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि पुलिस के इस रवैये से राज्य के व्यवसायिक वाहन संचालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार, व्यवसायिक वाहन व्यवसायियों का भयादोहन कर अवैध वसूली करने वाले पुलिस अधिकारियों को चिन्हित कर दंडित करना चाहती है ?

----

## अधिनियम में संशोधन

*75 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 58 जेल हैं और आठ केन्द्रीय कारागार है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में जेल और केन्द्रीय कारागार में बेहतर स्वास्थ्य कई उपकरण नहीं रहने के कारण नहीं मिल पाता है ;

(ग) क्या यह सही है कि अभी भी जेल में डिजिटल एक्स-रे, एन लाइजर और अत्याधुनिक ईसीजी मशीन, ऑटो एनलाइजर उपकरण नहीं है, जिसे कैदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाता है अभी भी अत्याधुनिक उपकरणों को संचालित करने के लिए टेक्नीशियन और लैब टेक्नीशियन का पद सृजित नहीं है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक सभी 58 जेल और आठ केन्द्रीय कारागार में कैदियों को बेहतर इलाज के लिए अत्याधुनिक उपकरण के साथ टेक्नीशियन और लैब टेक्नीशियन को बहाल कराना चाहती है ?

----

## अतिक्रमण मुक्त कब तक

*76 **डा. दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी शहर में जगह-जगह अतिक्रमण की समस्या सिरदर्द साबित हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि शहर के विद्यापति टावर के निकट अत्यधिक जाम रहने से आवागमन बाधित रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मधुबनी शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने की दिशा में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## शिक्षकों को ऋण

*77 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को निजी ऋण (Personal Loan) की सुविधा हेतु विभाग द्वारा सिर्फ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को ही पत्र निर्गत किया गया है जबकि अन्य बैंक इस पत्र के आधार पर ऋण देने में आनाकानी करते हैं ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जरूरतमंद शिक्षकों को ऋण लेने की सुविधा हेतु संबंधित निर्देश राज्य के सभी बैंकों को देना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## थानों की मरम्मत

*78 **श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार पुलिस को हाइटेक बनाने और बेहतर पुलिसिंग के लिए राज्य में पुलिस भवन निर्माण निगम के द्वारा 7 साल में 62 आदर्श थाने बनाए गए हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि 4 करोड़ की लागत से बने पटना के पहले मॉडल थाना गांधी मैदान आदर्श थाना के बेसमेंट में बाकरगंज नाले का गन्दा पानी जमा है, और एक हिस्से में कबाड़ की तरह गाडि़यों का ढेर है ;

(ग) क्या यह सही है कि इसमें आने वाले पब्लिक के लिए न तो जरूरी सुविधाएं हैं और न ही पुलिसकर्मियों के रहने के लिए पर्याप्त जगह ;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त स्थिति पटना के दूसरे आदर्श थानों की भी है, पुराने भवन में चल रहे कदमकुआं व सचिवालय थाने की हालत जर्जर है, लेकिन बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम उसकी मरम्मत व मेंटेनेंस तक भूल गया है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राज्य के सभी थानों का मरम्मत कराकर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## पुनः चयन

*79 **श्री हीरा प्रसाद बिन्द (विधान सभा):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गया के आदेश संख्या-2270, दिनांक- 12.11.2018 के द्वारा मोहनपुर प्रखंड अन्तर्गत, ग्राम-डुमरी,आंगनबाड़ी केन्द्र कोड संख्या- 185, पंचायत लखैपुर, वार्ड संख्या-02 में आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयनित अभ्यर्थी श्रीमती बेबी कुमारी एवं श्रीमती रिंकु कुमारी का चयन रद्द कर श्रीमती नीतू कुमारी, पति- श्री सिकन्दर कुमार का चयन किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पारित आदेश के अनुसार असंतुष्ट की स्थिति में एक माह के अन्दर जिला पदाधिकारी-सह-जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में अपील दायर किया जाना था;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त निर्णय के विपरीत जिला पदाधिकारी-सह-जिला दण्डाधिकारी के समक्ष अपील दायर किये बिना फर्जी तरीके से पूर्व में चयनित अभ्यर्थी श्रीमती बेबी कुमारी के शिकायत पत्र पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गया के आदेश संख्या-261 दिनांक- 08.02.2019 के द्वारा श्रीमती नीतू कुमारी का चयन रद्द कर दिया गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो उक्त फर्जीवाड़ा के लिए दोषी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए श्रीमती नीतू कुमारी पति-श्री सिकन्दर प्रसाद का आंगनबाड़ी सेविका के रूप में पुनः चयन करने का विचार रखती है ? यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## दोषी पर कार्रवाई

***80 श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराही प्रखंड के बेलवा घाट पर सौ करोड़ लागत से चल रहे विशेष संरचना निर्माण कार्य ठप है जबकि इसे बरसात के पूर्व कार्य कर लेना था ;

(ख) क्या यह सही है कि विशेष संरचना निर्माण कार्य से बेलवा बांध पर स्लुईस गेट निर्माण कार्य कराना था ताकि जलस्तर वृद्धि पर पुरानी धारा में पानी का बहाव हो जिससे बांध पर दबाव कम पड़े ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त आवंटित पैसों की बंदरबांट कर अभियंताओं द्वारा फिर से प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उपरोक्त कार्यों का

निर्माण शीघ्र कराने तथा दोषी अभियंता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## घटनाओं की रोकथाम

*81 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूरे प्रदेश में आये दिन साइबर क्राइम की घटनायें काफी तेजी से बढ़ रही हैं और प्रशासन की ओर से कोई भी ठोस एवं कारगर कार्रवाई इसकी रोकथाम के लिए नहीं की जा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि घटना के शिकार लोग संबंधित थाना एवं आर्थिक अपराध ईकाई का मात्र चक्कर लगा रहे हैं और इस संबंध में कोई अनुकूल कार्रवाई नहीं की जा सकी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार यह बताए की प्रदेश में तेजी से हो रही साइबर क्राइम की घटनाओं की रोकथाम के लिए कौन सी कार्रवाई करना चाहती है, और कब तक ?

----

## प्रोत्साहन राशि

*82 **श्री सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में राज्य सरकार द्वारा अंतर्जातीय विवाह करने पर कन्या के नाम पर प्रोत्साहन राशि दी जाती हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत नगर-निगम क्षेत्र के वार्ड 42, मुहल्ला- बलभद्रपुर निवासी कुमारी काजोल गुप्ता, पिता- श्री दिलीप कुमार साह जाति की हलुवाई ने वार्ड 36, मुहल्ला- बंगाली टोला निवासी श्री राम सिंह, पिता- श्री कपिलेश्वर सिंह, जाति के राजपूत से दिनांक- 06.01.2017 को श्यामा मंदिर न्यास समिति में हिन्दू रीति-रिवाज से अंतर्जातीय विवाह किया ;

(ग) क्या यह सही है कि कुमारी काजोल गुप्ता ने वर्ष 2017 के ही अगस्त माह में अपने और अपने पति के कागजात सहित जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, दरभंगा में प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन दिया है ;

(घ) क्या यह सही है कि 2 वर्ष होने के बाद भी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी तक उक्त आवेदक को प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं मिला है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त आवेदक, कुमारी काजोल गुप्ता को प्रोत्साहन राशि दिलवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पईन की उड़ाही

***83 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**लघु जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड के सोनडीहा गांव से दिग्घी होते हुए बाली गांव तक जो जमींदारी पईन है (जो कि मोरहर नदी से निकली है) वह उड़ाही एवं सफाई के अभाव में बंद हो गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पईन से हजारों एकड़ भूमि सिंचित होती थी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शीघ्र उक्त पईन की उड़ाही एवं सफाई कराना चाहती है, जिससे कि हजारों ग्रामीणों को सिंचाई में सुविधा हो सके, यदि हां तो कबतक ?

----

## यातायात नियमों का पालन

***84 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार की सड़कों में सुधार के बाद वाहन चालक तेज गति से सड़कों पर अपनी गाड़ी चलाते हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि वाहन चालकों को यातायात नियमों की सही जानकारी नहीं रहने के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जनहित में कठोरता से यातायात नियमों का पालन कराने हेतु उचित कदम उठाना चाहती है, जिससे कि सड़क दुर्घटना में होनेवाली जानमाल की क्षति को रोका जा सके ?

----

## हादसों की रोकथाम

***85 श्री सतीश कुमार (विधान सभा)ः**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पा,रण जिलान्तार्गत संग्रामपुर प्रखंड के नंदपुर गांव के भादा से निकलकर सरोतर में मिलने वाली नहर के 24 R.D. पर बना पुल ध्वस्तत होने के कगार पर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्तR पुल का निचला हिस्सान में फट (दरार) गया है तथा दरारें एवं सरिया ऊपर दिख रहे हैं तथा गाडि़यों के आने-जाने पर डोलने लगता है ;

(ग) यदि उपर्युक्ता खण्डों के उत्तर स्वीनकारात्मपक हैं तो क्यां सरकार उक्त पुल पर होनेवाले बड़े हादसों को भविष्यक में रोकना चाहती है तथा पुल का निर्माण कराना चाहती है ? हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदिवारी का निर्माण

***86 श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार)ः**

**गृह :-**

कृया मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि ;

(क) कृया यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा नगर पर्षद् क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-मलकौली कब्रिस्तान की चहारदिवारी निर्माण की योजना मो. 10 लाख रुपए के अन्तर्गत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी,

(ख) कृया यह सही है कि उक्त कब्रिस्तान की चहारदिवारी निर्माण कार्य का कार्यकारी एजेंसी प्रखंड बगहा-2 को बनाया गया था;

(ग) कृया यह सही है कि उक्त कब्रिस्तान की चहारदिवारी निर्माण कार्य में आवंटित राशि मिलने के बावजूद कार्यकारी एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य नहीं किया गया है तथा कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो कृया सरकार बताएगी कि उक्त योजना में स्वीकृति राशि के विरुद्ध कितनी राशि आवंटित की गई है और शेष राशि को कब तक आवंटित कर अधूरे पड़े चहारदिवारी का निर्माण कार्य कराना चाहती है?

----

## पुलिस बल की तैनाती

***87 श्री सोने लाल मेहता (विधान सभा):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के पटना शहर स्थित फुलवारीशरीफ रेलवे गुमटी के दक्षिण सड़क के किनारे बिरला कॉलोनी से एफ.सी.आई. होते हुए खगौल नहर तक झोपड़ीनुमा घर बना हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थानों पर असामाजिक लोग रात में राहगीरों से मोबाइल, घड़ी, रुपए-पैसे, आभूषण आदि छीनकर मार-पीट करते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्थानों पर असामाजिक लोगों से बचने हेतु जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल तैनात नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' पर अंकित स्थानों पर रात्रि में राहगीरों के साथ अप्रिय घटना से बचाव हेतु आवश्यक पुलिस बल तैनात करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

**पटना, पिन-800015.** **विनोद कुमार,**

**04 अगस्त, 2019.** **सचिव**